भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
(ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in)

फा.सं. 12-6/राजभाषा/2021-22 दिनांक : 13 सितम्बर, 2021

विषय : <u>हिंदी दिवस/राजभाषा (हिंदी) उल्लास महोत्सव-2021 का आयोजन।</u>

निदेशक(राजभाषा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के परिपत्र संख्या रा.भा.10(1)/2018-हिंदी दिनांक 01.09.2021 तथा संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्यवृत्त संख्या 12-6/तिमाही बैठक/राजभाषा/2021-22 दिनांक 09.09.2021 के अनुपालन में भारत संघ की राजभाषा (हिन्दी) के प्रति प्रतिबद्धता और वचदबद्धता को दोहराने और सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ाने हेतु दिनांक 14.09.2021 से 13.10.2021 तक संस्थान में राजभाषा (हिंदी) उल्लास महोत्सव-2021 का आयोजन किया जाएगा।

इस महोत्सव की शुरूआत निदेशक, भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल की अध्यक्षता में दिनांक 14.09.2021 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से संस्थान के डॉ. डी.सुन्दरेसन सभागार में हिंदी दिवस कार्यक्रम के साथ की जाएगी। हिंदी दिवस के सुअवसर पर सभी मंचासीन पदाधिकारी राजभाषा (हिन्दी) के विषय में अपने-अपने व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर हिंदी शब्दावली/शब्दार्थ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा।

हिन्दी महोत्सव की गतिविधियां:

क्रम सं.	प्रतियोगिता का नाम	तिथि एवं समय	वर्ग
1.	हिन्दी टंकण प्रतियोगिता	16.09.2021 अपराहन 02:30 बजे से	सभी वर्गों के लिए संयुक्त रूप से
स्थान : राजभाषा एकक			
2.	हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता	18.09.2021 अपराहन 02:30 बजे से	सभी वर्गों के लिए संयुक्त रूप से
स्थान : डेरी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग			

जारी....... पृष्ठ 2

3.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता	21.09.2021 अपराह्न 02:30 बजे से	हिन्दी एवं हिंदीतर भाषियों के लिए अलग-अलग
स्थान : डेरी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग **नोट :** विषय-स्वतंत्रता संग्राम में हिन्दी का योगदान; समय-2 घंटे; शब्द सीमा- अधिकतम 1000 शब्द। प्रतियोगिता हिन्दी और हिंदीतर भाषियों के लिए एक ही स्थान और समय की जाएगी। दोनों श्रेणियों के प्रतियोगियों की संख्या के आधार पर मूल्यांकन समिति द्वारा विजेताओं की संख्या का निर्धारण किया जाएगा।			
4.	हिन्दी टिप्पण/प्रारूपण लेखन प्रतियोगिता	23.09.2021 अपराह्न 02:30 बजे से	प्रशासनिक वर्ग के लिए
स्थान : डेरी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं प्रबंधन प्रभाग			
5.	हिन्दी शोधपत्र पोस्टर प्रोत्साहन प्रतियोगिता	28.09.2021 पूर्वाह्न 11:30 बजे से	वैज्ञानिक, तकनीकी, विद्यार्थियों के लिए
स्थान : प्रदर्शनी ईकाई हिंदी शोध पत्र पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता के लिए पोस्टर का मानक पोर्ट्रेट आकार 30 इंच x 40 इंच अपेक्षित है। मूल्यांकन समिति द्वारा प्रदर्शित हिंदी पोस्टरों का 30 अंक (विषय वस्तु के लिए 10 अंक, प्रस्तुति के लिए 10 अंक, भाषा की शुद्धता और सरलता के लिए 10 अंक) में से मूल्यांकन किया जाएगा। पूर्व में प्रकाशित लोकप्रिय विषय के बजाय नए शोध कार्य/सरल संप्रेषित विषय को पुरस्कार चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।			

हिन्दी दिवस 2021 के कार्यक्रम में संस्थान के सभी संयुक्त निदेशक, प्रभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, प्रभारियों और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों, हिन्दी की किसी भी समिति से जुड़े सभी अधिकारी के साथ प्रशासनिक एवं ऑडिट अनुभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी सादर आमंत्रित किए जाते हैं। सभी इच्छुक प्रतियोगियों से निवेदन है कि यदि वो प्रतियोगिता में प्रतिभागी होना चाहते हैं तो राजभाषा एकक को प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व अवश्य सूचित करें।

धीरज शर्मा 13/9/2021

उप निदेशक (राजभाषा)

वितरण :

1. संस्थान के सभी संयुक्त निदेशक, पदाधिकारी, प्रभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, प्रभारी तथा प्रशासन एवं लेखा अनुभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी के सूचनार्थ।
2. सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने हेतु सूचनार्थ।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को संस्थान की वेबसाइट एवं ई-ऑफिस बोर्ड पर अपलोडिंग करवाने हेतु।